web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 04 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 128

## महत्वपूर्ण एवं खास

### देश में कोविड-19 से एक दिन में 1008 और लोगों की मौत: 1,72, 433 नये केस!

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 1,72,433 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस के कुल संक्रमितों की संख्या बढक़र 4,18,03,318 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 15,33,921 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में 1008 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद, कोविड महामारी से जान गंवाने वालों संख्या बढक़र 4,98,983 हो गई। इनमें से मौत के 500 मामले केरल के हैं। देश में अभी 15,33,921 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 3.67 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 87,682 कमी दर्ज की गयी। देश में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 95.14 प्रतिशत है। वहीं, मौत के 335 मामलों को केन्द्र तथा उच्चतम न्यायालय के नए दिशानिर्देशों के आधार पर कोविड-19 से मौत के मामलों में जोड़ा गया है। आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से अभी तक कुल 4,98,983 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,42,784, केरल के 56,100, कर्नाटक के 39,137, तमिलनाडु के 37,636, दिल्ली के 25,919, उत्तर प्रदेश के 23,254 और पश्चिम बंगाल के 20,687 लोग थे।

### खाई में गिरा ट्रक, दो की मौत, सात घायल

**नई टिहरी (आरएनएस)।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर भरपूर के निकट मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरा। घटना में दो मजदूरों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, जबकी सात अन्य घायल हो गए। इनमे से दो मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी है। सभी घायलों को ऋषिकेश एम्स में उपचार के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस टीम की ओर से घटना में अन्य लोगों की संभावना के चलते खाई में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार सुबह करीब छह बजे श्रीनगर से ऋषिकेश जा रहा ट्रक देवप्रयाग से आगे भरपूर के निकट अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी देवप्रयाग संजय मिश्रा, चौकी प्रभारी बछेलीखाल रविंद्र डोभाल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पहुंचे। बारिश व ठंड के बीच घायलों को काफी मशक्कत के बाद गहरी खाई से निकालकर तत्काल सीएचसी बागी में उपचार के लिए भेजा। देवप्रयाग थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि सडक़ निर्माण से जुड़े मजदूरों को श्रीनगर से ट्रक चालक ने ट्रक में बिठाया। भरपूर के निकट मोड से ट्रक के बेकाबू होकर गहरी खाई में गिरने से पीछे बैठे मजदूर छिटक कर बाहर झाडिय़ों व पत्थरों में गिर गए। दुर्घटना में दो की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृतकों की पहचान जोगेन्द्र पुत्र रेवती भागूवाला बिजनौर के रूप में हुई है। जबकि दूसरे मृतक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सीएचसी बागी में भर्ती सभी सात मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अंजना गुप्ता ने बताया कि सभी मजदूरों के सिर व हाथ पैरों में काफी चोट आई हैं। इनमे दो की स्थिति गंभीर है। घायलों में उमेर पुत्र समसुद्दीन सराय निवासी हरिद्वार, राहुल सैनी निवासी टांडा महिलाज, दिनेश कुमार पुत्र कलवा, विपिन कुमार पुत्र धर्मवीर , वीरेंद्र पुत्र धर्म सिंह ग्राम टांडा व सतीश कुमार, मोहित कुमार पुत्र धर्मवीर सभी निवासी नजीबाबाद उप्र शामिल हैं।

### हरियाणा निवासियों को प्राइवेट नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा में निजी क्षेत्र की नौकरियों में हरियाणा वासियों को 75 फीसदी आरक्षण देने के हरियाणा सरकार के फैसले पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही इस आरक्षण को चुनौती देने वाली फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की याचिका पर हरियाणा सरकार से जवाब तलब कर लिया है। फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व अन्य ने हाईकोर्ट को बताया था कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है। यदि नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे। हरियाणा सरकार का 75 प्रतिशत आरक्षण का फैसला योग्य लोगों के साथ अन्याय है।

# सांसद राहुल गांधी की उपस्थिति में भूमिहीन श्रमिकों ने गांधी सेवाग्राम और छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति की रखी आधारशिला

- ‘राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना’ का किया शुभारंभ
- 3.55 लाख भूमिहीन परिवारों के खाते में अंतरित की पहली किश्त की राशि
- राजीव युवा मितान क्लब योजना का किया शुभारंभ



**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में छत्तीसगढ़ को कई ऐतिहासिक सौगातें दी। सांसद राहुल गांधी ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी ‘राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना’ और ‘राजीव युवा मितान क्लब योजना’ का शुभारंभ किया। सांसद राहुल गांधी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों और हजारों की संख्या में लोगों की मौजूदगी में भूमिहीन श्रमिक रामकुमार निषाद दुर्ग, खुजी मौर्य बस्तर, सोना नेताम बलौदाबाजार-भाटापारा, मसियस तिर्की बलरामपुर-रामानुजगंज ने महात्मा गांधी की स्मृतियों को संजोने के लिए नवा रायपुर में ‘सेवाग्राम’ और देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की याद में ‘छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति’ की आधारशिला रखी।

सांसद राहुल गांधी ने इस अवसर पर वर्तमान समय में देश के समक्ष विद्यमान चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देश एक गुलदस्ता जैसा है। देश में अलग-अलग विचारधाराएं हैं। छत्तीसगढ़ की जो भाषा, संस्कृति और जीवनशैली है, वह दूसरे प्रदेशों की नहीं हो सकती है। छत्तीसगढ़ के लोगों को कैसे जीवन जीना चाहिए, आदिवासियों का जंगल और खेत से क्या रिश्ता होना चाहिए, यह अन्य क्षेत्रों के लोग नहीं बता सकते। इसी तरह अन्य राज्यों की भी संस्कृति, भाषा, इतिहास एवं जीवनशैली है। हिन्दुस्तान विभिन्न विचारधाराओं, संस्कृति, भाषा एवं जीवनशैली के लोगों का ऐसा गुलदस्ता है, जहां प्यार है, भाई-चारे की भावना है। यही हमारा देश है, इसी को हिन्दुस्तान कहते हैं। उन्होंने कहा कि देश भक्ति का मतलब देश को मजबूत करना और गरीबों की मदद करना है।

सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदा किया था, वह पूरा करके दिखाया है। किसानों के साथ हमारे प्यारे मजदूर भाई भी काम करते हैं। हमने कहा था कि हमें छत्तीसगढ़ के गरीब मजदूर भाईयों की मदद करनी होगी। आज राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के माध्यम से यह काम भी हम पूरा करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला कदम है, इस योजना के माध्यम से हम आपका पैसा आपको ही वापस दे रहे हैं। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जो इनपुट सब्सिडी की राशि छत्तीसगढ़ सरकार ने दी है। इससे हमारे किसान-भाईयों ने फसल उत्पादकता में बढ़ोत्तरी की है। छत्तीसगढ़ के हर किसान भाई को उसकी मेहनत का मान दिया है।

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज देश ने जो तरक्की की है। यह किसी दल यह पार्टी की देन नहीं है, बल्कि देश के किसानों, मजदूरों, कारीगरों, छोटे उद्यमियों और व्यवसायियों की मेहनत का परिणाम है। करोड़ों लोगों ने अपना खून-पसीना देकर देश को बनाया है। आज इन्हीं मेहनतकश लोगों को परे किया जा रहा है। लोग रोजी-रोजगार के लिए भटके, जीवन-यापन के लिए परेशान हो, हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों और मेहनतकश लोगों के हित में संचालित योजनाओं की सराहना की और कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से 3 लाख 55 हजार मजदूर भाई-बहनों को सीधा फायदा होगा। उन्हें राहत मिलेगी। उनके कंधों का बोझ हल्का होगा।

सांसद राहुल गांधी से मंच पर पहुंचते ही कार्यक्रम स्थल पर हजारों लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के बीच उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने राजकीय गमछा पहनाकर सांसद राहुल गांधी का स्वागत अभिनंदन किया। सांसद राहुल गांधी ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार की तीन साल की उपलब्धियों पर प्रकाशित कॉफी-टेबल बुक ‘‘जो कहा-सो किया’’ का विमोचन भी किया। उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों एवं राजीव युवा मितान क्लब पदाधिकारियों को अनुदान राशि का चेक भेंट कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने इस मौके पर उक्त दोनों योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन अंतरित की।

## पंजाब सहित कई राज्यों में आज छाए रहेंगे बादल-येलो अलर्ट जारी : बारिश ने फिर बढ़ाई ठंड



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण आज पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली व उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग का कहना है कि इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ दिनभर बादल छाए रहेंगे। विभाग ने मध्यम स्तर की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है, जिससे अधिकतम तापमान लुढक़कर 19 व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शुक्रवार को भी बारिश की संभावना जताई है।

वहीं दिल्ली-एनसीआर में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि अगले दो घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर (हिंडन, लोनी देहात, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम) के अलग-अलग स्थानों के आसपास और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम तीव्रता के साथ गरज के संग बारिश होगी। इस दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के कई क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी का यलो अलर्ट जारी किया है। शिमला, कुफरी, नारकंडा, खड़ापत्थर में बर्फ बारी व बारिश के कारण यातायात प्रभावित है। राज्य के अन्य कुछ इलाकों में भी फाहे गिरने की सूचना है। हालांकि, पांच और छह फरवरी को मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा में मौसम साफ रहेगा।

## राज्यसभा में उठी कन्नड़ भाषा की नेट की परीक्षा रद्द करने की मांग

**0-कर्नाटक से कांग्रेस के सदस्य एल हनुमंथैया ने उठाया मुद्दा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राज्यसभा में गुरुवार को सदस्यों ने कन्नड़ भाषा के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा रद्द करने, ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छह लाख आवास जोडऩे और कच्छी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग की। कर्नाटक से कांग्रेस के सदस्य एल हनुमंथैया ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा कन्नड़ भाषा के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में कन्नड़ प्रश्न पत्रों को हिंदी भाषा में पूछे जाने का मामला उठाया और इस परीक्षा को रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कन्नड़ भाषा के प्रश्न पत्र को हिंदी में छपा हुआ देखकर सभी छात्र हैरान थे। उन्होंने कहा, ‘‘यूजीसी ने इस परीक्षा के लिए राष्ट्रीय परीक्षण प्राधिकरण को आउटसोर्स किया है। प्रश्न पत्र में केवल 10 प्रश्न कन्नड़ में थे और बाकी 90 हिंदी में थे। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों बाद दूसरी परीक्षा में भी यही स्थिति रही और इसे लेकर अनेक प्रकार की शिकायतें छात्रों द्वारा की गई। बाद में परिणाम आने के बाद सुधार के लिए आवेदन करने का हवाला देकर छात्रों से प्रति प्रश्न एक हजार रुपये की मांग की गई। उन्होंने मांग की कि इस परीक्षा को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए ताकि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। सभापति एम वेंकैया नायडू ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सदन में मौजूद शिक्षा राज्यमंत्री सुभाष सरकार से उचित कदम उठाने को कहा।

बीजू जनता दल के सदस्य सस्मित पात्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ओडिशा में जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए छह लाख घर दिए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, ‘‘पिछले तीन सालों में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे लेकर तीन बार केंद्र सरकार को चि_ी लिखी और आग्रह किया कि लगभग छह लाख घर प्रधानमंत्री आवास योजना से जुडऩे चाहिए। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर घर आदिवासियों के लिए हैं। उन्होंने कहा, ‘‘मगर तीन साल में आवास पोर्टल नहीं खोला गया। दुख की बात यह है कि इसी साल 13 जनवरी को कर्नाटक के लिए आवास पोर्टल खोला गया, जिससे वे 25 लाख आवास को जोड़ सकते हैं। मेरी सरकार से अपील है कि जिस प्रकार आवास पोर्टल खोलकर कर्नाटक के लिए 25 लाख आवास आवंटित किया गया, उसी प्रकार ओडिशा के लिए भी कदम उठाए जाएं। बीजद के अमर पटनायक और सुजीत कुमार सहित अन्य सदस्यों ने पात्रा की इस मांग का समर्थन किया। कुमार ने कहा कि ओड़िशा के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

## कोरोना के खिलाफ लड़ाई में भारत को मिला एक और हथियार

**तीन डोज वाली वैक्सीन की सप्लाई शुरू**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना के खिलाफ लड़ाई में भारत को एक और हथियार मिल गया है। स्वदेशी कंपनी जायडस कैडिला ने अपनी कोरोना वैक्सीन जायकोव-डी की सप्लाई शुरू कर दी है। ये वैक्सीन 12 साल और उससे ऊपर के लोगों को दी जाएगी। हालांकि भारत में अभी इसे 18 साल से ऊपर के लोगों को लगाई जाएगी। इस वैक्सीन की खास बात ये है कि इसमें सुई का इस्तेमाल नहीं होगा। यानी ये वैक्सीन निडिल फ्री वैक्सीन है। इसे बिना सुई के ही दिया जाएगा। इसके अलावा ये वैक्सीन तीन डोज वाली है, जो इसे बाकी वैक्सीन से अलग बनाती है।

जायडस कैडिला की वैक्सीन जायकोव-डी को केंद्र सरकार ने पिछले साल अगस्त में ही मंजूरी दे दी थी। हालांकि, अब तक इस वैक्सीन का इस्तेमाल नहीं हो पाया था। अभी तक दुनियाभर में जितनी वैक्सीन लगाई जा रही है, वो या तो सिंगल डोज हैं या डबल डोज, लेकिन जायकोव-डी पहली वैक्सीन है जिसकी तीन डोज लगाई जाएगी। इसमें सुई का इस्तेमाल नहीं होगा। इसे जेट इंजेक्टर से लगाया जाएगा। इससे वैक्सीन को हाई प्रेशर से लोगों की स्किन में इंजेक्ट किया जाएगा। इस डिवाइस का आविष्कार 1960 में हुआ था. डब्ल्यूएचओ ने 2013 में इसके इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

जायकोव-डी दुनिया की पहली डीएनए बेस्ड वैक्सीन है. अभी तक जितनी भी वैक्सीन हैं, वो एमआरएनए का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये प्लाज्मिड-डीएनए का इस्तेमाल करती है। बाकी वैक्सीन की तुलना में इसका रखरखाव ज्यादा आसान है। इसे 2 से 8 डिग्री सेल्सियस पर लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है। इतना ही नहीं, 25 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी इसे 4 महीने तक रखा जा सकता है। इस वैक्सीन के तीन डोज 28-28 दिन के अंतर से लगाए जाएंगे। पहली डोज के बाद दूसरी डोज 28 दिन बाद और तीसरी डोज 56 दिन बाद लगाई जाएगी।

**राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत अब तक एक सौ 67 करोड 87 लाख से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं**

पिछले 24 घंटों में 55 लाख से अधिक वैक्सीन की खुराक देने के साथ ही भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 167.87 करोड़ से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 1,83,99,537 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। इसे 1,85,37,996 सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है। पिछले 24 घंटों में 2,59,107 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढक़र 3,97,70,414 हो गई है। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 95.14 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में 1,72,433 नए मरीज सामने आए हैं। वर्तमान में 15,33,921 सक्रिय रोगी हैं। वर्तमान में ये सक्रिय मामले देश के कुल पुष्टि वाले मरीजों का 3.67 प्रतिशत हैं। देश भर में जांच क्षमता का विस्तार लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 15,69,449 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 73.41 करोड़ जांच की गई हैं। देश भर में जांच क्षमता को बढ़ाया गया है, साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 12.98 प्रतिशत है, दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 10.99 प्रतिशत है।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश, एक पाकिस्तानी ढेर



**फिरोजपुर (आरएनएस)।** पंजाब में फिरोजपुर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, घुसपैठिया लगातार आगे बढ़ रहा था और रुक ही नहीं रहा था। खतरे को भांपते हुए उसे ढेर कर दिया गया।

इससे पहले शुक्रवार सुबह अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा पर स्थित डेरा बाबा नानक सेक्टर में चंदू वडाला पोस्ट के पास पाकिस्तानी तस्करों और बीएसएफ के जवानों में हुई मुठभेड़ में बीएसएफ का एक जवान गंभीर घायल हो गया था। जवान को उपचार के लिए अमृतसर शिफ्ट कर दिया गया था।

इसी के साथ बीएसएफ के जवानों ने एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय तस्करी को विफल किया था। बीएसएफ को सर्च के दौरान 57.90 किलो हेरोइन, एक किलो 170 ग्राम अफीम, 2 पिस्तौल सहित भारी मात्रा में कारतूस मिले थे। तस्करी के लिए एक पाइप का इस्तेमाल किया गया। बीएसएफ के डीआईजी प्रभाकर जोशी ने बताया कि 89 बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान सिंह यादव ने शुक्रवार सुबह सवा पांच बजे पाकिस्तानी तस्करों की ओर से संदिग्ध हरकत दर्ज की थी।

## शिमला में बर्फबारी: आसमान से बर्फ के फाहे गिरते देख झूम उठे सैलानी



**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी व पहाड़ों की रानी शिमला ने फिर से बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शिमला पहुंचे सैलानी बर्फ का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में सैलानी शहर के ऐतिहासिक रिज व मालरोड पर बर्फबारी के दीदार के लिए पहुंचे। आसमान से गिरते बर्फ के फाहों को देखकर सैलानी खुशी से झूम उठे। सुबह से लगातार जारी बर्फबारी के बीच सैलानी खूब अठखेलियां कर रहे हैं।

कई सैलानी बर्फबारी में फोटो खिंचवाते व एक-दूसरे पर बर्फ के गोले फेंकते नजर आए। उधर, कुफरी, देहा, नारकंडा और खड़ापत्थर में भारी बर्फबारी से ऊपरी शिमला के लिए यातायात ठप है। सडक़ों पर फिसलन बहुत ज्यादा है। ऐसे में प्रशासन ने वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। ताजा बर्फबारी से वीकेंड पर शहर के पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि बर्फ देखने के लिए हिल्सचीन में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे।

शहर के होटलों में वीकेंड के लिए एडवांस बुकिंग भी हो चुकी है। शनिवार को 100 फीसदी ऑक्यूपेंसी पहुंचने का अनुमान है। आमतौर पर क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के बाद जनवरी के पहले हफ्ते तक ही शिमला में सैलानियों की भीड़ रहती थी। लेकिन इस साल बार-बार हो रही बर्फबारी के चलते सैलानियों के शिमला आने का क्रम जारी है। बर्फबारी सैलानियों को खासा आकर्षित कर रही है।

जनवरी माह में हुई बर्फबारी के बाद शिमला में सैलानियों की संख्या बढ़ी थी। एक माह के भीतर करीब 90 हजार वाहन शहर में दाखिल हुए। शिमला में पर्यटन कारोबार ने भी रफ्तार पकड़ी है। 01 जनवरी से 31 जनवरी के बीच शोघी बैरियर से 89500 से अधिक वाहन शहर में दाखिल हुए।

सामान्य दिनों के मुकाबले बर्फबारी के बाद वीकेंड पर पर्यटक वाहनों का आंकड़ा दोगुने से अधिक है। इससे साफ है कि बर्फबारी सैलानियों को खासा आकर्षित कर रही है। शिमला से सैलानी बड़ी संख्या में कुफरी और नारकंडा का भी रुख कर रहे हैं।

शिमला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुफरी और नारकंडा में साहसिक खेल गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। बिना पंजीकरण और लाइसेंस साहसिक खेल गतिविधियां आयोजित करने पर पूर्ण प्रतिबंध है। सुरक्षा मानकों और सरकार की ओर से निर्धारित गाइडलाइंस का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

सैलानियों को भी सर्तक रहने के लिए कहा गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश में भारी बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। चार फरवरी को भी बारिश-बर्फबारी की संभावना है। पांच फरवरी को सभी क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। जबकि छह और सात फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। इस दौरान मैदानी भागों में मौसम साफ रहेगा।